लोक सभा अध्यक्ष ने श्री प्रणब मुख़र्जी के निधन पर शोक व्यक्त किया

दिल्ली, 31 अगस्त, 2020 : लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने पूर्व राष्ट्रपति श्री प्रणब मुख़र्जी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। अपने सन्देश में श्री बिरला ने कहा:

"मैं भारत रत्न पूर्व राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी जी के निधन पर शोक व्यक्त करता हूं। पांच दशक से भी अधिक के अपने सार्वजनिक जीवन में उन्होंने देश की अनुकरणीय सेवा की। संसदीय व प्रशासनिक क्षेत्र में उनका अनुभव बेजोड़ था जो उनकी कार्यशैली में स्पष्टत: परिलक्षित होता था।

व्यक्तिगत संबंधों में राजनीतिक जुड़ाव को उन्होंने कभी बाधा नहीं बनने दिया। व्यक्तित्व की इसी खूबी के कारण वे जटिल विषयों में भी राजनीतिक सहमति बनाने में सफल हो पाते थे। उनका कुशल मार्गदर्शन में देश में अनेक महत्वपूर्ण नीतियों का निर्धारण हुआ जो आज भी पथ प्रदर्शित करती हैं।

दृढ़ इच्छाशक्ति से परिपूर्ण प्रणब दा के लिए देशहित सर्वोच्च रहा। उनका निधन हम सब के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदनाएं।